INTERMEDIATE EXAMINATION – 2020 (ANNUAL) **319**

Model Set

Time :- 3 Hours 15 minutes
समय : 3 घंटे 15 मिनट

Home Science (गृह विज्ञान)

Full Mark - 70
पूर्णांक – 70

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–

Instructions for the candidates :-

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द–सीमा का ध्यान रखें।

   While answering the questions, candidate should adhere to the word limit as far as practicable.

4. इस प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   15 minutes of extra time has been allotted for the candidate to read the questions carefully.

5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**

   This question paper is divided into two sections : **Section-A** and **Section-B**.

6. खण्ड–अ में 42 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 35 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) अगर परीक्षार्थी 35 प्रश्नों से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो प्रथम 35 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR शीट में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

In **Section-A**, there are 42 objective type questions, out of which answer any 35 questions (each carrying 1 marks). If more than 35 questions are answered, the first 35 answers will be evaluated. Darken the circle with black/blue ball pen against the correct option on OMR Answer Sheet; provided to you. Do not use Whitener/Liquid/Blade/Nail on OMR Sheet, otherwise the result will be invalid.

7. खण्ड–ब में 18 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। इसके अतिरिक्त **खण्ड–ब** में 06 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न भी दिए गए हैं, (प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक निर्धारित हैं।) जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

In **Section-B,** there are **18** Short answer type questions (each carrying 2 marks), out of which any 10 questions are to be

answered. Apart from this, there are 6 Long answer type questions (each question carries 5 marks), out of which any 3 of them are to be answered.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any electronic appliances is strictly prohibited.

खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

निम्नलिखित 42 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं 35 प्रश्नों के उत्तर दें।

Answer any 35 out of the 42 objective type questions given below:

प्रश्न संख्या 1 से 42 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से सिर्फ एक सही है। इनमें से सिर्फ 35 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिन्हित करें। (35x1=35)

Question No.- 1 to 42 have four options, out of which only one is correct. Answer any 35 questions and mark your selected option, on the OMR-Sheet. (35x1=35)

1. मानव शरीर में सबसे छोटी ग्रंथि कौन–सी है ?

A. यकृत B. थायराइड

C. पियूष D. लार

Which is the smallest gland in a human body?

A. Liver B. Thyroid

C. Pituitary D. Salivary

2. अंतःस्रावी ग्रंथियों का केन्द्र है –

A. मस्तिष्क B. आँख

C. नाक D. गला

…….. is the centre of endocrine glands.

A. Brain B. eye

C. nose D. throat

3. इनमें से कौन हार्मोन केवल पुरूषों में स्रावित होता है ?

A. एन्ड्रोजेंस B. थाइरॉक्सिन

C. प्रोलैक्टिन D. एस्ट्रोजन

Which of these hormones is secreted only in men?

A. Androgens B. Thyroxine

C. Prolactin D. Oestrogens

4. अंडग्रंथि कहा जाता है –

A. वृषण को B. शिश्न को

C. शुक्राशय को D. अधिवृषण को

……. is called egg gland.

A. testes B. Pennis

C. Seminal Vescicle D. Epididymis

5. ग्रामीण क्षेत्र में किस प्रकार का प्रदूषण सबसे आम होता है?

A. वायु B. जल

C. ध्वनि D. इनमें से कोई नहीं

Which Type of pollution is most common in rural areas?

A. Air B. Water

C. Noise D. All of these

6. निजी स्वच्छता के अभाव में निम्न में से कौन सी बीमारी होती है?

A. डायरिया B. फलेरिया

C. हृदय रोग D. मधुमेह

Which of the following diseases occur in the absence of personal hygiene?

A. Diarrhea B. Filaria

C. Heart disease D. Diabetes

7. शौचालय निर्माण करने का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य क्या है ?

A. लोगों को सुविधा प्रदान करना B. प्रतिष्ठा (स्टेटस) प्रदान करना

C. मल–मूत्र से मानव संपर्क को रोकना D. इनमें से सभी

What is the main objective of construction of Toilets?

A. Facilitating the people

B. providing status

C. preventing human contact with feces

D. All of these

8. इनमें से कौन बीमारी वायु प्रदूषण से होता है?

A. मधुमेह B. अस्थमा

C. टाइफाइड D. पीलिया

Which of these diseases is caused by air pollution ?

A. Diabetes B. Asthma

C. Typhoid D. Jaundice

9. स्वच्छ जल होता है .....

A. रंगहीन B. स्वादहीन

C. गंधहीन D. उपर्युक्त सभी

Pure water is ……

A. Colourless B. tasteless

C. odourless D. All of these

10. ओजोन परत किस प्रकार के प्रदूषण की वजह से प्रभावित हो रहा है ?

A. जल प्रदूषण B. वायु प्रदूषण

C. ध्वनि प्रदूषण D. इनमें से कोई नहीं

The ozone layer is being affected by which type of pollution?

A. Water pollution B. Air pollution

C. Sound pollution D. None of these

11. हैजा की बीमारी किसके संदूषण से होती है ?

A. जल B. भोजन

C. उपर्युक्त दोनों D. दोनों में से कोई नहीं

Cholera disease is caused due to contamination of -

A. Water B. Food

C. Both A & B D. None of the above

12. कानों के सुनने की शक्ति किस प्रदूषण के कारण कम हो जाती है ?

A. वायु प्रदूषण B. ध्वनि प्रदूषण

C. मिट्टी प्रदूषण D. जल प्रदूषण

Hearing power of the ears is reduced due to which pollution ?

A. Air Pollution B. Sound Pollution

C. Soil Pollution D. Water Pollution

13. गोलकृमि (राउंडवर्म) रोग किसके कारण होता है ?

A. मिट्टी B. फल

C. सब्जी D. अनाज

Roundworm disease is caused by -

A. Soil B. fruit

C. vegetable D. cereals

14. निम्न में से कौन भोजन को पौष्टिक तत्वों से समृद्ध बनाने की विधि है ?

A. मिश्रण
B. खमीरीकरण
C. अंकुरीकरण
D. इनमें से सभी

Which of these is a method of enrichment of food with nutrients?

A. Combination
B. Fermentation
C. Germination
D. All of these

15. इनमें से कौन उर्जा (शक्ति) देनेवाला पोषक तत्व नहीं है ?

A. कार्बोहाइड्रेट
B. वसा
C. प्रोटीन
D. खनिज लवण

Which of these is not an energy giving nutrient?

A. Carbodydrate
B. Fat
C. Protein
D. Minerals

16. एग मार्क किन पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता तय करता है ?

A. पेय पदार्थ
B. इलेक्ट्रॉनिक पदार्थ
C. कृषि पदार्थ
D. इनमें से सभी

AGMARK is used to determine the quality and purity of which of these products ?

A. Drink
B. Electronic items
C. Agricultural commodities
D. All of the above

17. एक उपभोक्ता प्रभावपूर्ण खरीददारी हेतु सहायता प्राप्त कर सकता है।

A. विज्ञापन द्वारा
B. अन्य व्यक्तियों के अनुभव द्वारा
C. निजी अनुभव द्वारा
D. इनमें से सभी।

A consumer can get help for effective shopping from -

A. advertisement
B. through others experience
C. through personal experience
D. All of these

18. गर्भावस्था का लक्षण है –

A. प्रातः काल में जी का मिचलना
B. बार–बार मूत्र का त्याग होना
C. माहवारी का बंद होना
D. इनमें से सभी

The symptom of pregnancy is -

A. Morning Sickness
B. Frequent Urination
C. Missed menstrual period
D. All of these

19. जन्म के समय स्वस्थ नवजात शिशु का वजन होता है –

A. 2–2.5 किलो
B. 3–3.5 किलो
C. 4–4.5 किलो
D. 5–5.5 किलो

The weight of a healthy newborn at the time of birth is -

A. 2 - 2.5 kg
B. 3 – 3.5 kg
C. 4 – 4.5 kg
D. 5 – 5.5 kg

20. नवजात शिशु को 48 घंटे के अंदर कौन–सा टीका लगाया जाता है ?

A. डी0पी0टी0 B. बी0सी0जी0

C. पोलियो D. एम0एम0आर

Which vaccine is given to a new born within 48 hours of birth?

A. DPT B. BCG

C. Polio D. MMR

21. माँ के स्तन से निकलने वाला पहला दूध क्या कहलाता है?

A. विटामिन B. प्रोटिन

C. कैल्सियम D. कोलोस्ट्रम

The first milk of mother's breast is called -

A. Vitamin B. Protein

C. Calcium D. Colostrum

22. महिलाओं को प्रोटीन की अधिक आवश्यकता कब होती है ?

A. बाल्यावस्था में B. किशोरावस्था में

C. गर्भावस्था में D. वृद्धावस्था में

When do women need more protein ?

A. Childhood B. Adolescence

C. Pregnancy D. Old age

23. निर्जलीकरण होने पर बच्चों को क्या पिलाया जाता है ?

A. ओ0आर0एस0 घोल B. उबला पानी

C. चाय D. नींबू पानी

What are given to children when suffering form de-hydration ?

A. Solution of “ORS” B. boiling water

C. Tea D. Lemonade

24. प्राथमिक रंग कितने प्रकार के होते हैं?

A. 3 B. 4

C. 5 D. 6

How many types of Primary Colours are there?

A. 3 B. 4

C. 5 D. 6

25. आंतरिक सज्जा नहीं की जाती है –

A. घर में B. कार्यालय में

C. दुकान में D. सार्वजनिक स्थल पर

Interior decoration is not done at -

A. home B. office

C. shop D. public place

26. गृह सज्जा के मुख्य साधन कौन–कौन से हैं ?

A. फर्नीचर B. पर्दे

C. सजावट की वस्तुएँ D. इनमें से सभी

What are the main means of home decoration ?

A. Furniture

B. Curtain

C. Decorative items

D. All of these

27. कला के तत्व हैं –

A. रेखा

B. आकृति

C. रंग

D. इनमें सभी

The element of art is -

A. line

B. shape

C. colour

D. All of these

28. इनमें से कौन मौद्रिक आय होती है ?

A. वेतन

B. पेंशन

C. किराया

D. इनमें से सभी है

Which of these is a monetary income?

A. Salary

B. Pension

C. Rent

D. All of the above

29. बचत जरूरी है क्योंकि –

A. यह संकटकालीन पूँजी है।

B. यह वृद्धावस्था में काम आती है।

C. बचत द्वारा परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।

D. उपर्युक्त सभी

Saving is important because -

A. It is critical capital

B. It helps in old age

C. It meets the needs of the family

D. All of these

30. किस चेक की राशि का भुगतान नकद नहीं किया जाता है बल्कि व्यक्ति के नाम के खाते में जमा होता है ?

A. खुला चेक B. आदेशक चेक

C. रेखांकित चेक D. इनमें सभी

Which cheque amount is not paid in cash but deposited in the account of the person's name -

A. Open cheque B. Order cheque

C. Crossed cheque D. All of these

31. वस्त्रों के चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्व हैं –

A. वाह्य आकृति B. रंग

C. कपड़ों की गुणवत्ता D. उपर्युक्त सभी

The factor which influences the choice of clothes is

A. External shape B. Colour

C. Quality of clothes D. All of these

32. इनमें से कौन प्राणिज धब्बा है ?

A. दूध का दाग B. चाय का दाग

C. फूल का दाग D. सब्जी का दाग

Which of these is an animal stain ?

A. Milk stain B. Tea stain

C. Flower stain D. Vegetable stain

33. वस्त्रों का चयन एवं खरीददारी निम्न में से किस पर निर्भर करता है ?

A. प्रयोजन B. मूल्य

C. ऋतु D. उपर्युक्त सभी

Selection and purchasing of clothes depend on which of the following?

A. Purpose B. Cost

C. Season D. All of the above

34. क्षार के संपर्क में आने से ऊन के तन्तु –

A. निखर जाते हैं B. नष्ट हो जाते हैं

C. मजबूत हो जाते हैं D. कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

When wool fibers come in contact with base it -

A. Flourishes B. gets distroyed

C. gets stronger D. has no effect

35. किस प्रकार के वस्त्रों का रख–रखाव सहज होता है?

A. ऊनी वस्त्र B. रेशमी वस्त्र

C. रेयान वस्त्र D. सूती वस्त्र

What type of clothing is easy to maintain ?

A. Woolen B. Silk

C. Rayon D. Cotton

36. एपलिक का कार्य कपड़ों पर कैसे किया जाता है ?

A. कपड़े के ऊपर कपड़े से डिजाइन बनाकर

B. धागा से डिजाइन बनाकर

C. A और B दोनों

D. इनमें से कोई नहीं

How is appliqué work done on the clothes?

A. Making design of the clothes over the cloth

B. designing with the thread

C. A & B both

D. None of these

37. कीड़े से बनने वाला रेशा है –

A. रेशम B. ऊन

C. नाइलॉन D. रेयान

The fibre made by worm is -

A. Silk B. Wool

C. Nylon D. Rayon

38. निम्न में से कौन–सा गुण सूती वस्त्रों में होना चाहिए ?

A. कड़ापन B. अवरोधक

C. अवशोषक D. इनमें से कोई नहीं

Which of the following quality should be in cotton clothes?

A. Hardness B. emphractic

C. Absorbent D. None of these

39. किस रंग को गर्म रंग कहते हैं ?

A. सफेद B. पीला

C. हरा D. लाल

Which colour is called warm colour?

A. White B. Yellow

C. Green D. Red

40. निम्न में से कौन वानस्पतिक धब्बा नहीं है ?

A. रसदार सब्जी B. फल

C. कॉफी D. फूल

Which of the following is not a vegetable stain ?

A. Juicy vegetable

B. Fruits

C. Coffee

D. Flowers

41. प्राकृतिक तन्तु है –

A. नाइलॉन

B. पॉलिस्टर

C. रेयान

D. सूती

……. is natural fibre.

A. Nylon

B. Polyester

C. Rayon

D. Cotton

42. किन क्षेत्रों के विकास में गृह विज्ञान योगदान नहीं करता है?

A. पारिवारिक स्तर के उत्थान में

B. पोषण के क्षेत्र में

C. रोजगार के क्षेत्र में

D. कम्प्यूटर के क्षेत्र में

In which areas of development, Home Science does not contribute?

A. Family upliftment

B. In the field on nutrition

C. In the field of employment

D. In the computer field.

खण्ड–ब (गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

Section-B (Non-Objective Type Quesitons)

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 18 तक लघु उत्तरीय हैं। इनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। अपने उत्तर लगभग 40–50 शब्दो में दें। (10x2=20)

Question no. 1 to 18 are Short answer type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks. Answer your questions in about 40-50 words.

(10x2=20)

Define the following -

1. इंद्रियाँ 2

   Sense organs

2. अंडाशय 2

   Ovary

3. सामाजिक स्वच्छता 2

   Social Cleanliness

4. वायु प्रदूषण 2

   Air pollution

5. कोलोस्ट्रम 2

   Colostrum

6.	संतुलित भोजन	2
	Balanced diet	
7.	कुपोषण	2
	Malnutrition	
8.	एग मार्क	2
	Agmark	
9.	खमीरीकरण	2
	Fermentation	
10.	जीवनरक्षक घोल	2
	Life saving solution	
11.	धब्बे	2
	Stains	
12.	प्रदूषित जल	
	Polluted Water	
13.	वस्त्र परिसज्जा	2
	Finishing of Clothes	
14.	धुलाई मशीन	2
	Washing machine	
15.	स्वरोजगार	2
	Self employment	
16.	कपड़ों की वार्षिक देखभाल	2

Annual Care of Clothing.

17. अंकुरीकरण 2

Germination

18. शिशु सदन 2

Creche

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 19 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दे। अपने प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 से 100 शब्दों में दें।

(5x3=15)

Question no. 19 to 24 are Long answer type questions. Each question carries 5 marks. Answer any 3 questions. Answer your questions in about 80 to 100 words. (5x3=15)

19. हार्मोन क्या है? हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में इसकी क्या भूमिका है ? 5

What is hormone? What is its role in keeping our body healthy?

20. भोजन अपमिश्रण क्या है? उससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन करें। 5

What is food adulteration? Describe its effects on health.

21. एक नवजात शिशु की देख–रेख आप किस प्रकार करेंगी ? 5

How would you look after/take care of a new born?

22. पर्यावरण के प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? इसके प्रकारों का वर्णन करें। 5

What do you understand by environment pollution? Describe it. 5

23. घरेलू बजट किसे कहते हैं। इसके लाभ का वर्णन करें। 5

What is domestic budget? Describe its benefits.

24. वस्त्रों के देखरेख एवं उसके संरक्षण की विधि का वर्णन करें। 5

Describe the method of care and protection of clothes.